<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

देहरादून हवाई अड्डे के एक नए टर्मिनल भवन (Phase-1)**का उद्घाटन**

08 **अक्टूबर**, 2021, **देहरादून**: यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए देहरादून हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का निर्माण किया गया है। भवन का उद्घाटन श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री एवं श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड ने किया। इस मौके पर जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त), माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री; श्री नरेश बंसल, सांसद (राज्य सभा) और श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक भी उपस्थित थे। डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक',सांसद (लोकसभा) विडियो लिंक से समारोह में उपस्थित हुए

325 करोड़ रुपए परियोजना लागत के साथ, विकास कार्य के पहले चरण में उपयोगिता ब्लॉक, कार पार्क, वर्षा जल संचयन संरचनाओं और अन्य सहायक संरचनाओं के साथ घरेलू टर्मिनल भवन का निर्माण शामिल है। 28,729 वर्गमीटर के क्षेत्र में फैला नया भवन व्यस्त समय के दौरान 1, 200 यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा, जिससे हवाई अड्डे की क्षमता आठ गुना बढ़ जाएगी। भवन में एक कानकोर्स , चेक इन क्षेत्र, सुरक्षा होल्ड और भूतल पर आगमन लाउंज, पहली मंजिल पर सुरक्षा होल्ड और अन्य सेवाएं तथा विभिन्न कार्यालय मध्यतल पर हैं।

36 चेक-इन काउंटर और चार एयरोब्रिज से लैस, नए टर्मिनल में सेल्फ-चेक-इन कियोस्क और इनलाइन बैगेज स्क्रीनिंग सुविधा जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं हैं। स्थानीय युवाओं के लिए राजस्व सृजन और रोजगार अवसरों में तेज़ी लाने के लिए, 6,465 वर्गमीटर के क्षेत्र में फैला रीटेल हेतुपर्याप्त स्थान भी टर्मिनल का हिस्सा है।

इमारत के डिज़ाइन में उत्तराखंड की संस्कृति और विरासत की झलक मिलती है,साथ ही इसकी पूरी बनावट और अनुभूति में स्थानीय कला एवं तत्वों का समावेश किया गया है. इसमें धनुषाकार बाहरी क्षेत्र वन अनुसंधान संस्थान देहरादून की वास्तुकला से प्रेरित है। वहीं, फीचर कॉलको उत्तराखंड के राज्य पुष्प ब्रह्मकमल से प्रेरित होकर विकसित किया गया है।

नई इमारत में वर्षा जल संचयन सौर ऊर्जा प्रणाली, ऊर्जा दक्ष फिक्स्चर्स और स्काइलाईट्स के माध्यम से अधिकतम प्राकृतिक प्रकाश के प्रावधान में सहायता के लिए डबल घुमावदार छत जैसी पर्यावरण के अनुकूल विशेषताएं भी हैं।

इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने देहरादून-हलद्वानी-पंतनगर-पिथौरागढ़-पंतनगर- हलद्वानी-देहरादून सेक्टर एवं चिन्यालिसौड़-सहस्त्रधारा- चिन्यालिसौड़ पर हेलीकॉप्टर सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह हेलीकॉप्टर सेवा क्रमश: पवन हंस एवं हेरिटेज एविएशन द्वारा प्रदान की जाएगी। उत्तराखंड क्षेत्र में हेली मार्गों का उद्घाटन देश में पहाड़ी क्षेत्रों के लिए हवाई संपर्क को बढ़ाने के लिए नागर विमानन मंत्रालय के उद्देश्य के अनुरूप है। राज्य के भीतर निर्बाध संपर्कता प्रदान करने के लिए उत्तराखंड में 13 और हेलीपोर्ट्स की पहचान की गई है।

विकास कार्य के दूसरे चरण में मौजूदा टर्मिनल भवन से नए में प्रचालन का स्थानांतरण और सभी सेवाओं के एकीकरण और शेष कार्यों को 132 करोड़ रूपए की लागत से पूरा करने के साथ-साथ टर्मिनल भवन के शेष हिस्से (14,047 वर्ग मीटर) का निर्माण शामिल होगा। तब व्यस्ततम समय में यात्रियों की क्षमता 1200 से बढ कर 1800 हो जाएगी।

देहरादून दुनिया भर से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए चारधाम के साथ-साथ कई पर्यटन स्थलों का प्रवेश द्वार है। पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए, यह हवाई अड्डा उड़ान योजना के तहत हेलीकॉप्टर सेवा की सुविधा भी प्रदान करेगा,

जिससे क्षेत्र में पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार को बढ़ावा मिलेगा।

निदेशक, देहारादून हवाई अड्डा द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:
प्रेस विज्ञप्ति संख्या-22/2021-22